तापमान
अधिकतम 28 डिग्री
न्यूनतम 15 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, मंगलवार 26 दिसंबर 2023

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

11 किसानों की मेहनत को मिला सम्मान



12 प्रभु यीशु मसीह का जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मना



## खबर संक्षेप

### आलेखुंटा में आज मड़ई

**सिर्री।** ग्राम आलेखुंटा में पंथी नृत्य प्रतियोगिता 25 और 26 दिसंबर को होगी। 26 दिसंबर मंगलवार को मड़ई मेला का आयोजन रखा गया है। मनोरंजन के लिए लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम सुरमयी लोक दर्पण चंदन बांधे की विशेष प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम की तैयारी में अध्यक्ष दीपक मनहरे, उपाध्यक्ष मंशाराम चतुर्वेदी, सचिव दीनूराम मनहरे, कोषाध्यक्ष दुर्गेश, परमानंद, भुनेश्वर, संयोजक राजेंद्र, जितेंद्र, संस्थापक अनिल, कैलाश, अशोक सहित समिति के सदस्य जुटे हुए हैं।

### राजपुर में मड़ई मेला 8 को

**मगरलोड।** ग्राम राजपुर में ग्रामवासियों के सहयोग से 8 जनवरी सोमवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में भूपेन्द्र साहू कृत रंग सरोवर बारूका जिला गरियाबंद की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी ग्रामीण अध्यक्ष बिरझू कंवर, कोषाध्यक्ष जयराम सिन्हा, सचिव चंद्रहास ध्रुव ने दी है।

### भर्रीगांव में मानसगान सम्मेलन 5 से

**पुरूर(धमतरी)।** ग्राम भर्रीगांव में तीन दिवसीय भव्य सस्वर मानसगान सम्मेलन 5 से 7 जनवरी तक किया गया है जिसमें छत्तीसगढ़ स्तर की ख्यातिप्राप्त मंडलियां अपनी प्रस्तुति देंगी। प्रतिस्पर्धा का शुभारंभ 5 जनवरी को शाम 4 बजे जिला पंचायत सभापति मीना सत्येन्द्र साहू के मुख्य आतिथ्य सरपंच, सुनीता साहू की अध्यक्षता एवं पुष्पाबाई साहू, अहिल्या साहू राजकुमारी साहू, त्रिवेणी साहू, गिरिजा साहू, संजय साहू, कुशलराम साहू के विशिष्ट आतिथ्य में होगा। समापन 7 जनवरी को विजय वर्मा सिविल इंजीनियर के मुख्य आतिथ्य में होगा। अध्यक्षता एचआर साहू अभियंता करेंगे। विशेष अतिथि मेनसिंग साहू, सोनउराम मात्रे, सेवकराम साहू, गोविंद साहू होंगे।

### डॉ. चोवाराम को श्री अटल सेवा सम्मान मिला

**जीजामगांव।** स्थानीय दाऊ कल्याण सिंह सोनवानी महाविद्यालय जीजामगांव में प्राचार्य पद पर कार्यरत डॉ. चोवाराम यदु को श्री अटल सेवा सम्मान से सम्मानित किया। विदित हो कि डॉ. यदु 2003 से महाविद्यालय में अध्यापन कार्य से जुड़े हुए हैं। अध्यापन के अतिरिक्त सामाजिक, सास्कृतिक, साहित्यिक एवं शोध कार्यों में लगातार कार्य कर रहे हैं। हिन्दी में कविता लेखन के लिए अनेक सम्मान प्राप्त हो चुके हैं। श्री अटल सेवा सम्मान प्राप्त करने पर महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं भूतपूर्व छात्रों ने हर्ष व्यक्त किया है।



### डबल इंजन की सरकार से प्रदेश का होगा विकास : यदु

**मगरलोड।** राज्य में पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में छत्तीसगढ़ का विकास ठप हो गया था। शासन की योजनाओं का लाभ आम जनता को नहीं मिल रहा था। केंद्र व राज्य में भाजपा की डबल इंजन की सरकार होने से छत्तीसगढ़ का विकास होगा। उक्त बातें भाजपा मंडल मगरलोड अध्यक्ष विजय यदु ने कही। श्री यदु ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी जनित योजना है जिसे पूर्व कांग्रेस सरकार ने फंड के अभाव में रोक दिया था। अब 18 लाख पात्र हितग्राहियों को आवास का लाभ मिलेगा। महतारी वंदन योजना के तहत प्रत्येक विवाहित महिलाओं के खातों में प्रतिमाह एक हजार रूपये भेजा जाएगा। उज्ज्वला योजना के तहत 500 रूपये में गैस सिलेंडर पात्र हितग्राहियों को मिलेगा। डबल इंजन की सरकार से छत्तीसगढ़ विकास की ओर बढ़ रहा है।



दिनभर के इंतजार के बाद शाम को आया एक साल के बोनस मिलने का मैसेज

# बोनस मिला लेकिन वह भी अधूरा, किसानों में संशय

**केस 1**

ग्राम खपरी के किसान महेश मेश्राम ने धान तो बेचा है, लेकिन अब तक पेमेंट खाते में नहीं आया है। सोमवार को दिनभर वे मोबाइल में बोनस मिलने के मैसेज के आने की राह देखते रहे। शाम को मैसेज आया लेकिन वह भी आधा बोनस का। उन्हें बोनस की राशि आधी ही मिली है।

**केस 2**

ग्राम भानपुरी के किसान देवेंद्र साहू को भी अभी तक धान का पेमेंट नहीं मिला है। उसने बताया कि इस बार कर्जमाफी नहीं हुई है। इसकी भरपाई दो साल का बोनस देकर की जा रही है। सोमवार रात को मैसेज आया लेकिन बोनस एक ही साल का मिला है।



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सुशासन दिवस के दिन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेश के 11 लाख 76 हजार 815 किसानों के खातों में 3 हजार 7 सौ 16 करोड़ रुपए का बकाया बोनस डाल दिया है। अभनपुर के ग्राम बेंद्री में एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने एक बटन दबाकर बोनस की यह राशि किसानों के खातों में ऑनलाइन ट्रांसफर की। विडंबना यह है कि मुख्यमंत्री ने एक साथ दो साल का बोनस ट्रांसफर किया है लेकिन जिले के किसानों को आधा बोनस ही मिला है। किसानों ने बताया कि सिर्फ एक साल वर्ष 2014-15 का ही बोनस मिला है। दोनों साल का बोनस एक साथ मिलने से वे इस राशि का सदुपयोग कर पाते।

#### आएगा दूसरे साल का भी बोनस

मुख्यमंत्री ने दोनों साल का बोनस किसानों को दे दिया है। यह बोनस की राशि एक-एक साल करके किसानों के खाते में आ रही है। आज-कल में ही बकाया बोनस किसानों के खाते में डाल दिया जाएगा। किसानों को चिंता करने की जरूरत नहीं है।

- **शशि पवार**, *जिलाध्यक्ष भाजपा*

#### चिंता की जरूरत नहीं

पात्र किसानों को चिंता की जरूरत नहीं है। अभी 2014-15 की ही फाइल चली है। इसी हिसाब से किसानों के खाते में राशि डाली गई है। 2015-16 की फाइल भी एक दो दिन के भीतर मिल जाएगी। उसके बाद किसानों को उस साल का बोनस भी डाल दिया जाएगा।

- **शिवेश मिश्रा**, *नोडल अधिकारी धान खरीदी*

#### दिन भर रहा इंतजार

बोनस की अहमियत का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि किसान मोबाइल पर ऑनलाइन ही मुख्यमंत्री का कार्यक्रम देखते रहे। मुख्यमंत्री ने जब दोपहर 2 बजे ऑनलाइन बोनस ट्रांसफर किया तो किसानों के चेहरे खिल उठे। किसान युवराज शर्मा ने बताया कि वे ऑनलाइन ट्रांसफर के बाद बार-बार अपना मोबाइल चेक करते रहे। शाम 7 बजे मैसेज आया लेकिन वह भी सिर्फ एक साल के बोनस का मिला।

#### एकमुश्त मिलने पर मिलेगी दोगुनी राहत

किसान जीवराखन साहू ने बताया कि यदि दोनों साल के बोनस की राशि एकमुश्त मिलती है, इससे कुछ बड़ा काम किया जा सकता है, अन्यथा यह राशि खेती किसानी सहित अन्य चिल्हर उपयोग में खत्म हो जाएगी। किसान पहले से ही बोनस की राशि का आकलन करके बैठे हुए हैं। लगभग हर किसान ने इस राशि को इंवेस्ट करने के लिए प्लानिंग भी कर रखी है। ऐसे में एकमुश्त राशि मिलने पर राशि का सद्रुपयोग भी दोगुना ज्यादा होगा।

# खदानें तो बंद नहीं हुईं उल्टे बढ़ गए रेत के दाम

**प्लास्टर और मीडियम रेत में 300 रुपए की बढ़ोतरी**



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

माइनिंग की कार्रवाई से अवैध रेत खदानें तो बंद नहीं हुई लेकिन रेत के दाम जरूर बढ़ गए हैं। इन खदानों में रेत निकासी के लिए 300-500 रुपए प्रति ट्रैक्टर वसूला जा रहा है। मटेरियल सप्लायरों ने रेत के दाम में 300 से 400 रुपए की बढ़ोतरी कर दी है। इस गड़बड़ी का सीधा-सीधा असर भवन निर्माण कर रहे लोगों पर पड़ रहा है।

प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद माइनिंग विभाग एक्टिव हो गया है। खदान चलाने वालों की बैठक लेकर अवैध खदानों को बंद करने के निर्देश दिए थे लेकिन इन खदानों में ट्रैक्टरों से उत्खनन बंद नहीं हुआ। माइनिंग विभाग और आरटीओ ने कुछ गाड़ियों पर कार्रवाई भी की। इसका असर यह देखने को मिला कि अवैध खदानों में रेत निकासी महंगी कर दी गई। जानकारी के अनुसार अछोटा, तेंदूकोना और अमेठी रेत खदान में मीडियम रेत की निकासी 300 रूपए और प्लास्टर रेत की निकासी के लिए 500 रुपए वसूला जा रहा है। पहले मीडियम रेत के लिए 150 रुपए और प्लास्टर रेत के लिए 300 रुपए वसूले जा रहे थे। खदानों में ही दो गुना ज्यादा राशि वसूले जाने पर मटेरियल सप्लायरों ने भी रेत के दाम बढ़ा दिए हैं। शहर में मीडियम रेत 900-1000 रुपए में बिक रही थी। अब वह 1200 रुपए तक हो गई है। ऐसे में भवन निर्माण कर रहे लोगों को प्रति ट्रैक्टर 300 रुपए तक अतिरिक्त देना पड़ रहा है। महानदी के तट पर बसे होने के बाद भी भवन निर्माताओं को रेत महंगे दाम में खरीदनी पड़ रही है।

#### हाइवा में भी महंगाई

कार्रवाई के बाद हाइवा में नदी लोडिंग बंद कर दी गई है। अब डंपिंग से रेत लोडिंग दी जा रही है। लोडिंग चार्ज भी काफी महंगा लिया जा रहा है। जानकारी के अनुसार पहले 500 फीट हाइवा से 3000 हजार रुपए लोडिंग ली जा रही थी, जिसे बढ़ाकर 5000 रुपए कर दी गई है। इसके अतिरिक्त पिटपास के लिए भी 3000 से 4000 रुपए शुल्क पटाना पड़ रहा है। डीजल और भाड़ा जोड़कर 3000 हजार रुपए खर्च आता है। ऐसे में भवन निर्माताओं को एक हाइवा रेत 10000 रुपए से ज्यादा पड़ रहा है।

#### कोई खदान वैध नहीं

जिले में 4 खदान बारना, सोनेवारा, सेमरा बी, परेवाडीह खदान को वैध बताया गया था। अब इन खदानों को बंद कर दिया गया है। जिन खदानों से ट्रैक्टरों से निकासी हो रही है, वे खदानें तो पूरी तरह से अवैध हैं, इसके बाद भी यहां से निकासी पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

# सावधान रहें, अस्पतालों में भी शातिर ठग सक्रिय

- आयुष्मान में इलाज के नाम पर की ठगी
- मोबाइल व नकदी लेकर भागा ठग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

अस्पताल में अपने बेटे का उपचार करा रहे एक पिता को एक ठग द्वारा आयुष्मान कार्ड में इलाज का झांसा देकर उससे नकदी व मोबाइल लेकर फरार हो जाने का मामला सामने आया है।



पीड़ित संतोष

वर्तमान में शातिर लोग ठगी करने का कोई भी मौका नहीं छोड़ते। नए तरीकों से व्यक्ति की मजबूरी का फायदा उठाकर उससे ठगी कर फरार हो जाते हैं। इस बार एक ठग ने अस्पताल में भर्ती बेटे के पिता को आयुष्यमान कार्ड में इलाज की सुविधा दिलवा देने का झांसा देकर ठगी की है। ग्राम बारना सिवनी के संतोष निर्मलकर पिता गोपालराम उम्र 40 वर्ष का 10 वर्षीय पुत्र रूपेश निर्मलकर 3 दिन पहले आग से झुलस गया, जिसे उपचार के लिए मसीही अस्पताल में भर्ती कराया गया। सोमवार की सुबह उक्त युवक संतोष को वहीं बिठाकर अस्पताल के भीतर से होते हुए मुख्य द्वार से होकर बाहर निकल सिविल लाइन मार्ग में रखी अपनी बाइक लेकर भाग गया। काफी देर तक उक्त युवक के नहीं लौटने पर संतोष उसे तलाश करते सिविल लाइन मार्ग में पहुंचा। जहां पर युवक की बाइक को न देख ठगे जाने का एहसास हुआ।

#### लगातार हो रही इस तरह की घटनाएं

मिली जानकारी के अनुसार लगभग दो पहले भी मसीही अस्पताल में भर्ती मरीज के परिजन को आयुष्यमान कार्ड का झांसा देकर अज्ञात युवक द्वारा जिला अस्पताल लाकर लगभग 4 हजार रूपए की ठगी की गई थी। इस तरह की घटना को अधिकतर शासकीय अवकाश के दिन ही अंजाम दिया जाता है।

### पेंडरवानी में श्रीमद् भागवत 31 से

**आमदी।** ग्राम पेंडरवानी में संगीतमय श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 31 दिसंबर से 8 जनवरी तक किया गया है। कथावाचक पं. हरिशरण वैष्णव व परायणकर्ता शुभम वैष्णव महाराज होंगे। कथा प्रातः 10 से दोपहर 2 बजे और दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक होगी। कार्यक्रम का शुभारंभ 31 दिसंबर को वेदी पूजन, गणेश स्थापना, पुराण कथा, गौकरण महातम्य से होगा। 1 जनवरी को भागवत का शुभारंभ, मंगलाचरण, सुखदेव प्राकट्य, परीक्षित श्राप। 2 जनवरी को सुष्टि वर्णन, मनु सतरूपा चरित्र, वराह अवतार, कपिल अवतार, शिव चरित्र। 3 जनवरी को को ध्रुव चरित्र, प्रभु अवतार, ऋषभ देव अवतार, जड़ भरत चरित्र। 4 जनवरी को अजामिल उद्धार, नाम महिमा, प्रह्लाद चरित्र गजेंद्र मोक्ष,सागर मंथन। 5 जनवरी को वामन अवतार, मत्स्य अवतार, रामजन्म, कृष्ण जन्मोत्सव, 6 जनवरी को बाल लीला, माखन चोरी, वृंदावन लीला, मथुरा लीला, रूखमणी मंडल, 7 जनवरी को द्वारिका धाम लीला, सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष, तुलसी वर्षा,चढ़ोतरी, पश्चात शोभायात्रा निकलेगी। 8 जनवरी को गीता प्रवचन, विष्णु यज्ञ व प्रसाद वितरण के साथ ही भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का समापन होगा।

**कमियों में तत्काल सुधार करने के दिए गए निर्देश**

# कोविड की तैयारियों को लेकर जिले के शासकीय अस्पतालों में हुआ मॉकड्रिल





हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

देश व प्रदेश में कोरोना वायरस के बढ़ते खतरे को देखते हुए जिला अस्पताल सहित जिले के सभी सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में कोविड की तैयारियों को लेकर मॉकड्रिल किया गया। वहीं जिन स्वास्थ्य केंद्रों में उपकरण व प्लांट क्रियाशील नहीं है, उसे तत्काल सुधारवाने निर्देशित किया गया।

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में बीते शुक्रवार को कोविड 19 की तैयारियों एवं अन्य मुद्दों के संबंध में समीक्षा बैठक व वीडियां कांफ्रेसिंग आयोजित की गई थी। जिसमें कोरोना गाइडलाइन का पालन, जांच, उपचार के लिए किट्स व दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया था।

इस संबंध में जिला प्रशासन के निर्देश पर सीएमएचओ डा.एसके मंडल, सर्विलेंस अधिकारी डा.यूएल कौशिक, डीपीएम डा.प्रिया कंवर के मार्गदर्शन में जिला अस्पताल व जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में कोविड मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। इस मॉकड्रिल में संबंधित अधिकारियों द्वारा जिला अस्पताल, सिविल अस्पताल कुरूद, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भखारा एवं गुजरा में कोविड मॉकड्रिल किया गया।

इस दौरान अस्पतालों में आक्सीजन प्लांट, आइसोलेशन बेड, वेन्टिलेटर्स, मल्टी पैरा मॉनीटर, आईसीयू, एम्बुलेंस, प्रशिक्षित मानव संसाधन, उपकरण व दवाइयों की स्थिति का निरीक्षण किया गया। जिस स्वास्थ्य केंद्रों में उपकरण व प्लांट क्रियाशील नहीं है, उन्हें गैप एनालिसिस कर तत्काल सुधार कराने के निर्देश दिए गए। उल्लेखनीय है कि जिले में कोविड से निबटने के लिए सप्ताह भर पहले 15 दिसंबर को कोविड मॉकड्रिल किया जा चुका है।

#### प्रतिदिन सौ से अधिक कोविड जांच

शासन के निर्देशानुसार जिले में 100 से अधिक कोविड जांच की जा रही है। सैंपल जांच में अब तक कोविड के मामले नहीं पाए गए हैं। कोरोना की जांच के लिए सभी स्वास्थ्य केंद्रों में टीम का गठन कर लिया गया है। जांच में पॉजिटीव मरीज मिलने पर संबंधित मरीज का वेरियंट पता लगाने के लिए एम्स अस्पताल रायपुर भेजने के निर्देश दिए गए हैं।

#### सर्दी-खांसी व इन्फ्लूएंजा पर कोरोना टेस्ट

सीएमएचओ डा. मंडल ने बताया कि जिले के सभी अस्पतालों में सर्दी, खांसी व इन्फ्लूंएजा के मरीज आने पर उसका शत प्रतिशत कोविड जांच करने का निर्देश दिया गया है। जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में कोविड संबंधित 100-100 दवाई किट तैयार कर गई है। जिससे कोविड पाजिटिव मरीज के आने पर तत्काल दवाइयां उपलब्ध कराई जा सके। जिला प्रशासन ने आगामी नववर्ष एवं त्यौहारों को देखते हुए कोविड संक्रमण के प्रसार को रोकने के लिए कोविड एप्रोप्रिएट बिहेवियर का पालन करने एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों में मास्क लगाने की अपील की है।

**नगर सहित अंचल में साईं जन्मोत्सव की रही धूम**

# साईं बाबा के जन्मोत्सव पर निकली पालकी यात्रा

- इतवारी बाजार स्थित मंदिर में दिनभर पूजा पाठ हुआ, श्रद्धालुओं का लगा रहा तांता

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नगर सहित अंचल में साईंबाबा का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। सुबह से साईं मंदिरों में पूजा पाठ के लिए भक्त उमड़े रहे। बाबा की पालकी यात्रा, भंडारा सहित विविध आयोजन हुए। सोमवार को सांई जन्मोत्सव पर शहर के इतवारी बाजार स्थित साईं मंदिर में दिनभर पूजा पाठ चलता रहा। सुबह विशेष आरती के बाद हवन पूजन हुआ। हवन पश्चात लोगों के लिए आम भंडारा रखा गया।

मंदिर समिति के प्रमुख पूर्व नपाध्यक्ष एनपी गुप्ता ने बताया कि जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में सुबह 7 बजे साईं सच्चरित्र पाठ हुआ। तत्पश्चात अभिषेक किया गया। आरती के बाद हवन पूजन हुआ। दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक साईं प्रसादी का वितरण किया गया। शाम 6.30 बजे महामंगल आरती की गई। इस मौके पर समर भूषण, भूरा गवली, जानकीप्रसाद शर्मा, महेश पंसारी, अशोक अग्रवाल, विजय महावर आदि जुटे रहे।

सोमवार को साईं जन्मोत्सव पर शहर के कोष्टापारा, हटकेशर, रमसगरी तालाब, शिव चौक, बनियातालाब आमापारा, जिला अस्पताल स्थित साईं मंदिर में दिनभर श्रद्धालुओं की कतार लगी रही। कोष्टापारा, सोरिद के साईं मंदिरों में महिला मंडली ने भक्ति गीतों का कार्यक्रम रखा। साईं जन्मोत्सव पर पालकी यात्रा निकाली गई। कोष्टापारा भगत चौक स्थित साईं मंदिर से साईं खिचड़ी सेवा समिति की ओर से साईं पालकी यात्रा निकाली गई। पालकी यात्रा साल्हेवारपारा, सदरबाजार, चमेली चौक होते हुए साईं मंदिर पहुंची। विशेष पूजा पाठ के बाद बाजे-गाजे के साथ पालकी वापस लौटी। रास्ते भर प्रसादी का वितरण किया गया। हटकेशर स्थित साईं बाबा के अनुयायी कैलाश यादव बाबा ने साईंबाबा की पालकी यात्रा निकाली। उन्होंने बताया कि पालकी यात्रा नागमंदिर चौक, शीतलापारा, सुभाष नगर, हाऊसिंग बोर्ड होते हुए वापस पहुंची। पालकी यात्रा के दौरान रास्तेभर प्रसादी का वितरण किया गया। कोष्टापारा की पालकी यात्रा में प्रमुख रूप से राजेश पांडे, सचिन देवांगन, रामू यादव, देवेंद्र साहू, केशव साहू, आकाश पटेल, मोतीलाल साहू समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। इसी तरह हटकेशर की पालकी यात्रा में नारद यादव, हेमंत देवांगन, रूपराम सेन, श्रीकांत यादव, शंकर रावटे सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

महानदी स्थित साईं मंदिर में तीन दिवसीय कार्यक्रम ग्राम कोलियारी में महानदी किनारे स्थित साईं मंदिर में तीन दिवसीय कार्यक्रम जारी रहा। मंदिर के प्रमुख ट्रस्टी दिनेश सोनकर ने बताया कि साईंबाबा जन्मोत्सव एवं मंदिर स्थापना समारोह के अवसर पर तीन दिवसीय संगीतमय मानसगान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। 23 दिसंबर को साईंबाबा की पालकी निकाली गई थी। सोमवार को मानसगान प्रतियोगिता के साथ खिचड़ी प्रसादी का वितरण 10 बजे से जारी रहा।





हरिभूमि
## पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## खबर संक्षेप

### सत्संग समारोह आज से

**सांकरा/नगरी।** श्री कबीर सत्संग समिति नगरी सिहावा क्षेत्र के तत्वावधान में नगरी सिहावा अंचल में चार दिवसीय सदगुरू कबीर सत्संग ज्ञान यज्ञ का आयोजन 26 दिसम्बर को अडिल निवास एवं 27 दिसम्बर साहू को सदन नगरी में, 28 दिसम्बर को परिक्षेत्रीय साहू सदन सांकरा, 29 दिसम्बर को गांधी चौक फरसियां में दोपहर 1 से शाम 4 बजे तक किया गया है। मुख्य प्रवक्ता संत निष्ठा साहेब श्री कबीर अध्यात्म संस्थान विशाल नगर मुंजापुर बाराबंकी (उ.प्र.) होंगे। कबरी सत्संग समिति नगरी सिहावा ने श्रद्धालुओं से सत्संग सेवा का लाभ लेने की अपील की है।

### बिरेझर में जयंती मड़ई 28 को

**जीजामगांव।** सतनामी समाज बिरेझर के तत्वावधान में 28 दिसंबर गुरुवार को जयंती मड़ई का आयोजन किया गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए जय अम्बे छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी मोहला मानपुर अम्बागढ़ चौकी की मनमोहक प्रस्तुति होगी। यह जानकारी सरपंच प्रतिनिधि बुधारूराम गहिवारे, टकेश्वर गहिवारे, सुरेन्द्र लहरे, खेमन लहरे, नरेन्द्र बंजारे ने दी है।

## निधन

### बलीराम ध्रुव

**सिर्री।** ग्राम गातापार निवासी बलीराम ध्रुव सेवानिवृत रेलवे कर्मचारी 66 वर्ष का 24 दिसंबर को मसीही अस्पताल धमतरी में निधन हो गया।



वे सोनसाय व टेकराम ध्रुव के पिता और भूखीन बाई के पति थे। उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। उनको श्रद्धांजलि अर्पित करने उनके परिजन एवं गांव के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### गट्टासिली सोसाइटी के माध्यम से बोनस प्रमाण-पत्र का हुआ वितरण

# किसानों को मिला 2 साल का बोनस

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के पश्चात किसानों को 2 साल का पिछला बोनस दिया गया। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जन्मदिवस को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया।

इसी तारतम्य में ग्राम गट्टासिली आदिम जाति सेवा सहकारी समिति के माध्यम से किसानों को 1 करोड़ 92 लाख रुपए का बोनस प्रमाण-पत्र भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेंद्र गोलछा के मुख्य आतिथ्य में दिया गया। इस दौरान श्री गोलछा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने पिछले चुनाव में अपने संकल्प पत्र के माध्यम से वर्ष 2014-15 एवं 15-16 का बकाया बोनस देने का संकल्प लिया था। मोदी की गारंटी को पूरा किया जा रहा है और किसानों को अटल बिहारी वाजपेई के जन्मदिवस पर किसानों को बोनस दिया गया। पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में 3716 करोड़ रुपए का बोनस मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने किसानों के खातों में डाला। सभी सहकारी समितियों में कार्यक्रम के माध्यम से बोनस का प्रमाण पत्र भी वितरित किया जा रहा है। श्री गोलछा ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई ने छत्तीसगढ़ का निर्माण किया। 15 वर्षों तक डा रमनसिंह के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ का बहुत विकास हुआ। लेकिन पिछले 5 वर्षों में छत्तीसगढ़ का विकास रुक गया था। भूपेश बघेल की सरकार ने पिछले चुनाव में 36 प्रकार के वादे किए थे लेकिन वे जनता से किए वादों को पूरा नहीं किए। छत्तीसगढ़ प्रदेश को विकसित राज्य बनाया जाएगा। प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के पश्चात नरेंद्र मोदी की गारंटी पर कार्य प्रारंभ हो चुका है। 18 लाख आवास की स्वीकृति दी गई है। किसानों को पिछला 2 साल का बोनस दिया जा रहा है। 21 क्विंटल धान खरीदी का आदेश जारी कर दिया गया है।

कार्यक्रम में गट्टासिल्ली की पूर्व सरपंच ताराबाई मंडावी, पूर्व मंडल महामंत्री अखिलेश प्रजापति, कुम्हड़ा के पूर्व सरपंच परदेसी राम मरकाम, सहकारी समिति के पूर्व अध्यक्ष जागेश्वर नेताम, ननकू दास मानिकपुरी, यतींद्र साहू, जयचंद नेताम, प्रेम सिंह सलाम, शिवकुमार परिहार, विश्राम सिंह समेत सहकारी समिति के अधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

## नवागांव में याद किये गये भारत रत्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

■ सहज व सरल व्यक्ति थे अटल जी : टिकेश

भारत रत्न भारतीय जनता पार्टी के पितृ पुरुष व राजनीति के आजातशत्रु कहे जाने वाले पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती ग्राम नवागांव (उमरदा) में सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई।

इस दौरान भाजपा कुरूद महामंत्री एवं सरपंच टिकेश साहू ने कहा कि करोड़ों कार्यकर्ताओं के प्रेरणापुंज स्व. अटल बिहारी वाजपेयी सहज व सरल व्यक्ति थे जिन्होंने लोकतन्त्र की ख़ूबसूरती को बखूबी बनाये रखा। आज अटल जी की कई कविताएं हमारे कानों में गूंजती हैं तो हमारा रोम रोम देश के लिये खड़ा हो जाता है। अंधेरा छंटेगा सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा, सरकारें आयेंगी जायेंगी पार्टियां बनेंगी बिगड़ेंगी पर यह लोकतंत्र रहना चाहिये जैसी कविताओं से आज अटल जी आज भी सबके दिलो में राज करते हैं। आगे बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने अटल जी के सपनों को साकार करते हुए लगातार देश को सर्वोच स्थान पर ले जाने दिन रात तेज़ी से कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर सियाराम साहू, सुखचैन कंवर, शिव कंवर, समयलाल कंवर, निर्मल दास, तीरथ कंवर, भागी कंवर, जहुरा कंवर, कैलाश दास, उर्मिला साहू, ईश्वरी साहू, मानका कंवर आदि उपस्थित थे।

# अटल की जयंती पर स्वच्छता अभियान चला, कविता पाठ का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को कुरूद में सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। इस दिन अटल जी की प्रतिमा की पूजा कर माल्यार्पण किया गया। स्टेडियम में स्वच्छता अभियान चलाकर कविता पाठ का आयोजन किया गया।

नेता प्रतिपक्ष नगर पंचायत भानु चन्द्राकर द्वारा माल्यार्पण किया गया, पश्चात जन प्रतिनिधियों द्वारा अटलजी के यात्रा वृतान्त, कालेज छात्रों द्वारा कविता वंदन सहित गणमान्य नागरिकों द्वारा स्टेडियम में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर मनीष साहू वार्ड पार्षद एवं सभापति, कृष्णकांत साहू विधायक प्रतिनिधि, मूलचंद सिन्हा सांसद प्रतिनिधि, मोहन अग्रवाल नपं पूर्व उपाध्यक्ष, पूर्व पार्षद विनोद चन्द्राकर, गणमान्य नागरिक भारत भूषण पंचायन, मालकराम साहू, सुरेश अग्रवाल, कार्तिक राम साहू, व्यापारी संघ अध्यक्ष योगेन्द्र सिन्हा, विकास चन्द्राकर, हिरेश सिन्हा, किशोर यादव, भारत ठाकुर, कमलेश रेड्डी, रोशन निर्मलकर, शत्रुघ्न साहू, शशांक कृदंत, सूरज लांबा, खेमराज सिन्हा, कमलेश चन्द्राकर, भूपेन्द्र सिन्हा, सूरज देवांगन सहित नगर पंचायत के इंजीनियर, कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# नशामुक्त समाज के निर्माण में युवाओं की भूमिका अहम



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोर्रा(भखारा)

महर्षि वेदव्यास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भखारा की राष्ट्रीय सेवा योजना के इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन प्राचार्य डॉक्टर संजय शर्मा के मार्गदर्शन एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी जानेन्द्र बंजारे के नेतृत्व में ग्राम पंचायत सिलीडीह में किया जा रहा है।

तृतीय दिवस को प्रातः शिविरार्थियों द्वारा प्रभातफेरी निकाली गई। योगाचार्य हिरेंद्र साहू नवचेतना शिविर दी आर्ट ऑफ लिविंग परिवार द्वारा स्वयंसेवकों को योग का प्रशिक्षण दिया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कचना द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन शिविर परिसर में हुआ। डॉक्टर विभा देवांगन व उनके सहयोगियों ने शिविरार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। विभा देवांगन ने शिविरार्थियों को नशा मुक्ति से संबंधित जानकारी देकर जागरूक किया।

मुख्य अतिथि डॉ.कविता वैष्णव ने नशामुक्त समाज के लिए युवा विषय पर प्रकाश डाला। नशामुक्त समाज के निर्माण में युवाओं की भूमिका को रेखांकित किया। बौद्धिक परिचर्चा कार्यक्रम में रासेयो कार्यक्रम अधिकारी जानेन्द्र बंजारे ने आभार प्रकट किया। शिविरार्थियों द्वारा देसी खेल खेला गया। रात्रि में स्वयंसेवकों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम व नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया।

# साइबर क्राइम और सुरक्षा कानून की दी जानकारी

■ गोजी में करेलीबड़ी स्कूल के रासेयो छात्रों ने लगाया शिविर

■ लगभग 50 मरीजों ने कराया वात एवं नाड़ी रोग का नि: शुल्क उपचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री





ग्राम पंचायत गोजी में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करेली बड़ी इकाई के तत्वावधान में 21 से 27 दिसंबर तक विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में चतुर्थ दिवस पर निःशुल्क पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें पशुओं के नस्ल सुधार हेतु कृत्रिम गर्भाधान व खुरहा चपका के उपचार, कृमिनाशक दवाई देने के साथ ही टीका लगाया गया। उपचार करने डॉ एससी मारकंडे, डॉ देवनारायण साहू, डॉ. वेदराम सोनकर उपस्थित थे। पंचम दिवस निःशुल्क नाड़ी वैद्य परीक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। नाड़ी का निः शुल्क परीक्षण हुआ। वात रोग के उपचार हेतु दवाई का निःशुल्क वितरण किया गया। कार्यक्रम में डॉ प्रदीप साहू ने लगभग 50 मरीजों का उपचार किया।

बौद्धिक परिचर्चा में डॉ टीएल साहू ने पशुपालन के प्रति प्रेरित किया। हरा चारा का महत्व बताया। एनएसएस कैंप में प्रत्येक दिन सुबह योगाभ्यास व व्यायाम कराया जा रहा है। प्रशिक्षण भागीरथी सोनकर शिक्षक द्वारा दिया जा रहा है। पांचवें दिन पुरुषों और विशेषकर महिलाओं को सुरक्षा कानून समेत अन्य धाराओं से संबंधित जानकारी बिरेझर थाना प्रभारी उमाकांत तिवारी द्वारा दी गई। साइबर सुरक्षा और ऑनलाइन तरीके से होने वाले ठगी से बचने के उपाय पुलिस स्टाफ द्वारा बताए गए। मौके पर बिरेझर थाना प्रभारी अपने दल-बल के साथ मौजूद रहे। शिविर का कार्यक्रम दुर्गा सिन्हा के नेतृत्व में आयोजित है जिनका लाभ ग्रामवासी उठा रहे हैं। शिविर का संचालन सरपंच थानेश्वर तारक व अन्य ग्रामवासियों के सहयोग से हो रहा है।

// ईश्तहार //

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि विक्रेता दीपक कुमार चंद्राकर पिता श्री अश्वनी कुमार चंद्राकर निवासी ग्राम छाती के नाम पर भू-स्वामी ग्राम - सरगी, रा.नि.मं. - मोहंदी, तहसील - मगरलोड, जिला - धमतरी (छ.ग.) ख.नं. 436/1 रकबा 0.17 हे. कृषि भूमि दर्ज है। जो कि भारत माला परियोजना अंतर्गत 'नेशनल हाईवे' रोड से लगी हुई है, जिसे क्रेता टीकम सिंह चंद्राकर निवासी भनसुली के द्वारा खरीदी की जा रही है। अतः उपरोक्त ख.नं. में जिस किसी व्यक्ति, सरकारी व गैर सरकारी संस्था व आमजनता को किसी भी प्रकार से आपत्ति हो तो वह 15 दिवस के अंदर स्वयं व वकील के माध्यम से आपत्ति दर्ज कर हमसे संपर्क करें। उपरोक्त समय के बाद आपकी आपत्ति को मान्य नहीं किया जाएगा।
दिनांक :

संपर्क सूत्र
टीकम सिंह चंद्राकर
मो. : 6263482703

## अंचल की खबरें

### बंगोली में मनाया गया सुशासन दिवस



**कुरूद।** समीपस्थ ग्राम बंगोली में भारतरत्न स्व. अटल बिहारी बाजपेयी की जन्म जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। ग्राम के अटल चौक पर उनके तैलचित्र में माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व व कृतित्व को याद किया गया। मौके पर अनुसूचित जाति मोर्चा के मंडल अध्यक्ष विक्रम सिंह बंजारे, भूषण कुर्रे, हरिनारायण कुर्रे, प्रेमनारायण कुर्रे, डेरहा चंदेल, चमन कुर्रे, भगत टण्डन, राजू कुर्रे, नरेंद्र मण्डलेश उपस्थित थे।

### अमलीडीह में सुशासन दिवस मना



**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम अमलीडीह में स्व. अटल बिहारी वाजपेई की जन्म जयंती को सुशासन दिवस के रुप में मनाया गया। मौके पर सरपंच शिवदयाल साहू, उपसरपंच जयनारायण साहू, जितेंद्र साहू पंच, नरेंद्र पंच, ओमप्रकाश निर्मलकर पंच, लक्ष्मी बाई पंच, सेवती पंच, रोजगार सहायक पवन साहू, सचिव रामसरुप साहू एवं बूथ अध्यक्ष गुनेश्वर साहू, घुरसिंह साहू ने अटल चौक में अटल बिहारी वाजपेई के छायाचित्र पर गुलाल लगाकर आरती की।

### अरौद में सुशासन दिवस मना



**मगरलोड।** ग्राम पंचायत अरौद में सुशासन दिवस मनाया गया। गांव के अटल चौक में अटल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना की गई। इसके पश्चात अटल के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर सरपंच रूक्मणि साहू, उपसरपंच फलेश साहू, मोहर साहू, महेन्द्र साहू, सचिव माहेश्वरी, रोजगार सहायिका मेनका साहू, जगमोहन साहू, भृत्य टीका यादव उपस्थित थे।

### सांकरा में धान मिंजाई जात्रा मनाया गया



**सांकरा।** ग्राम सांकरा में धान मिंजाई जात्रा मनाया गया। ग्राम के देव स्थल पर विधि-विधान से गांव के पुजारी कुमेश पटेल ने पूजा-अर्चना की। इस मौके पर गिरवर भंडारी, पवन साहू, देवीशरण कश्यप, महेश साहू, साधुराम साहू, नागेन्द्र बोरझा, राजू पटेल, पवन साहू, रामेश्वर साहू, भोला परिहार,जागेश्वर नाथ गोसाई, बंशीलाल ध्रुव, बलदाऊ यादव, कैलाश बिसेन, सुंगध साहू सहित ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### अशोक बने सचिव संघ के अध्यक्ष



**कोर्रा(भखारा)।** धमतरी ब्लॉक के सचिव संघ का निर्वाचन निर्विरोध किया गया। अध्यक्ष अशोक कुमार साहू, उपाध्यक्ष घनश्याम साहू, सचिव कोमलसिंह नेताम, कोषाध्यक्ष सुभाष कुमार साहू, महिला प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती गिरिजा चंदेल, मीडिया प्रभारी तामेश्वर सिंह सेन बनाए गए हैं।

### गणित के भय एवं झिझक को दूर करने सांकरा स्कूल में हुआ सेमिनार

# गणित के महान जादूगर थे रामानुजन : प्रजापति

हरिभूमि न्यूज ⏭ सांकरा



विद्यार्थियों में गणित के भय एवं झिझक को दूर करने, इसे सरल व रोचक बनाने के उद्देश्य से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सांकरा द्वारा राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर गणित सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें 25 बाल गणितज्ञों ने गणित की विभिन्न अवधारणाओं को सरलतम एवं रोचक रूप में प्रस्तुत किया। भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जन्मदिन को गणित दिवस के रूप में मनाया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीसी खत्री थे। अध्यक्षता गणित परिषद के संरक्षक एवं प्राचार्य श्रीमती अनिभा अग्रवाल ने की। मुख्य अतिथि श्री खत्री ने इस आयोजन से विद्यार्थियों को सीखने के अवसर मिलने की बात कही और गणित को सरल बनाने के लिए सतत अभ्यास की आवश्यकता पर जोर दिया। श्रीमती अग्रवाल ने हर विद्यार्थी के लिए गणित का ज्ञान होना जरूरी बताया। विशिष्ट अतिथि ओएस साहू ने रामानुजन के जीवन वृत्त पर प्रकाश डाला। गणित परिषद के संयोजक आरडी प्रजापति ने रामानुजन को गणित का महान जादूगर बताते हुए कहा कि गणित से तर्क शक्ति, कल्पना शक्ति एवं बुद्धि कौशल का विकास होता है। गणित के अध्ययन से जीवन में अनुशासन आता है। कार्यक्रम में रूपाली एवं दामिनी ने भी अपने विचार रखे। अतिथियों ने सभी विजयी प्रतिभागियों को प्रतीक चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

गणितीय चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम मीनाक्षी जैन 9वीं स, द्वितीय हिना तारक 11वीं स, गणितीय रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम कीर्ति तारक एवं रुचि साहू 12वीं गणित, द्वितीय खुशबू यादव एवं मालती यादव 11वीं कामर्स रही। इसी प्रकार गणित ज्ञान प्रतियोगिता में 9वीं से प्रथम दामनी मत्स्यपाल , द्वितीय महिमा साहू तथा 10वीं से प्रथम हेमा साहू, द्वितीय खेमेश्वरी ध्रुव रही। गणित सेमिनार में 9वीं से तारिणी मोजेवार प्रथम, अनुराधा जांगडे द्वितीय तथा 10वीं से हेमा साहू प्रथम, गेमिका साहू द्वितीय स्थान पर रही। कार्यक्रम का संचालन रूपाली, कीर्ति एवं रुचि ने किया। आभार प्रदर्शन सहसंयोजक श्रीमती निर्मला साहू ने किया।

इस अवसर पर नागेंद्र, हिमेश, गीतेश, श्रद्धा, योगमाया, चंद्रहास, छत्रसेन, एस पटेल, के साहू, एसके साहू, पीएल साहू, आरएस साहू, जेके पटेल, पीके साहू समेत समस्त स्टाफ उपस्थित थे।

Pride of Dhamtari

आपके शहर धमतरी में
प्रख्यात चिकित्सक व्दारा परामर्श
ओ.पी.डी.
अगर आप ब्रेन एवं स्पाईन सर्जरी से सम्बंधित लक्षण व परेशान है तो अवश्य परामर्श लेवें
स्थान : क्रिश्चन हॉस्पिटल ,बस स्टैण्ड के सामने, धमतरी
डॉ राजेश जैन
MS,MCh,FHU (Japan)
ब्रेन एवं स्पाईन सर्जरी विशेषज्ञ


पंजीयन आवश्यक - 9424942992
कृपया पुरानी रिपोर्ट साथ लावें
29 दिसम्बर 2023 शुक्रवार

उचित दामों पर उच्चतम क्वालिटी के फ्लाईएश ईंट एवं पेवर ब्लाक उपलब्ध
कासलीवाल ब्रिक्स

रेत, गिट्टी, ईंट, सीमेंट, छड़ के सप्लायर
प्रो. शीतल कासलीवाल : 87706-89029
ग्राम-संकरी, तहसील-कुरूद, जिला-धमतरी
नोट : सभी शासकीय कार्य एवं भवन निर्माण हेतु जीएसटी बिल के साथ उपलब्ध

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 83058-71196, कुरुद - 98268-82770, नगरी - 77488-10431, मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-238756

## अंचल की खबरें

### बानगर में छत्तीसगढ़ राज्य निर्माता को किया नमन



**कुरूद।** पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेई का जन्म दिवस ग्राम पंचायत बानगर के अटल चौक में सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर सरपंच निर्मला साहू, रूपा साहू, सांसद प्रतिनिधि मूलचन्द सिन्हा सहित समस्त पंचों और ग्रामीणों ने दीप प्रज्वलित कर अटल बिहारी वाजपेई के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं तिलक वंदन करते हुए भारत माता और छत्तीसगढ़ महतारी के जयकारे लगाए। सभी ने छत्तीसगढ़ राज्य निमाता पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर टिकेश साहू, धर्मेंद्र साहू, रूपा, ललिता पटेल, आशा यादव, धनेश्वरी, राजू साहू, दिनेश यादव, दुकालू ध्रुव उपस्थित थे।

### सुशासन दिवस पर इर्रा में चला स्वच्छता अभियान



**कुरुद।** भारत रत्न अटल बिहारी वाजेपयी की जयंती को ग्राम इर्रा में भी सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। इस दिन भाजपा से जुड़ी महिलाओं, युवाओं व नागरिकों ने गांव के प्रमुख चौक-चौराहों व शासकीय भवन के आसपास साफ-सफाई कर अटल चौक में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी के तैल चित्र पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर भावप्रकाश साहू, राजकुमार आसानी, संजय साहू, कमलेश नेताम, दशरथ निषाद, अजीत, मोनू के अलावा महिला मोर्चा की मंजू साहू, पद्मा साहू, डिलेश्वरी, राजेश्वरी, हेमिन, केंवरा, देवकला उपस्थित थीं।

### लईका मड़ई में 350 बच्चे हुए शामिल



**धमतरी।** धमतरी विकासखण्ड अंतर्गत सेक्टर झिरिया के ग्राम कंडेल के चारों आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चे, अभिभावक एवं महतारी समिति के लिए लईका मड़ई का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 350 बच्चे, पालक, शिक्षक व ग्रामवासी शामिल रहे। झिरिया सेक्टर की पर्यवेक्षक तारकेश्वरी ने बताया कि लईका मड़ई का उद्देश्य बच्चों के अभिभावकों को आंगनबाड़ी केन्द्र में कराई जाने वाली विकास आधारित गतिविधियों के बारे में जागरूक करना है। बच्चों के लिए कई स्वास्थ्यवर्धक प्रतियोगिता हुई। डी डब्ल्यूसीडीओ महेश मरकाम ने कहा कि यह मेरे लिए नया है। अब तक का यह पहला आयोजन है जिसे जिला व राज्य स्तर पर भी शेयर किया जायेगा ताकि इस सेक्टर में हुए अच्छे काम को सब लोग जान पाये। इस आयोजन में नगरी, कुरूद, मगरलोड, अभनपुर, रायपुर, धरसींवा, बेमेतरा, जांजगीर चाम्पा व बलौदाबाजार के एक-एक सदस्य शामिल रहे व लईका मड़ई की प्रत्येक प्रक्रिया को गहराई से समझे। अज़ीम प्रेमजी स्कूल शंकरदाह की ईसीई शिक्षक रोशनी भी शामिल रहीं। मंच संचालन झिरिया सेक्टर की पर्यवेक्षक तारकेश्वरी ने किया।

### जोरातराई के साहू दंपति ने गरीबों को कंबल बांटे



**अंवरी।** कहते हैं कोई पास होकर भी अपना नहीं होता तो कोई दूर रहकर भी अपना होता है और इस कहावत को चरितार्थ किया है ग्राम जोरातराई के समाजसेवी शकुन किसुन साहू ने। वे लगभग 25 वर्ष पहले जीवन यापन हेतु रायपुर पहुंचे लेकिन आज भी गांव में उनका दिल बसता है। इसी का परिणाम है कि उन्होंने गांव पहुंचकर जरूरतमंद परिवारों को इस कड़ाके की ठंड से राहत पाने कंबल का वितरण कर अपने गांव के प्रति प्रेम को प्रदर्शित किया है। क्षेत्र के जनपद सभापति प्रतिनिधि महेन्द्र साहू ने बताया कि गांव के सामाजिक, धार्मिक कार्यक्रमों के साथ ये साहू दंपति गांव से रायपुर किसी काम से गए। वे लोगों का भरपूर सहयोग करते हैं। साहू दंपति ने गांव में लगभग 50 गरीबों को कंबल का वितरण किया। शुरू से ही सेवाभावी रहे इस परिवार ने गांव के प्रति अपने सहयोग की भावना को कम होने नहीं दिया। गांव के हर कार्यक्रम में इनका सहयोग हमेशा प्राप्त होता है। इस अवसर पर खोमेंद्र साहू, सरपंच खिलावन पाल समेत अन्य उपस्थित थे।

### पंथी स्पर्धा में कौंदकेरा, उमरपोटी की टीम रही अव्वल



**सिर्री।** ग्राम मेंडरका में सतनामी समाजजनों के सहयोग से दो दिवसीय पंथी नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बालक वर्ग में प्रथम पुरस्कार 5051 रुपए सत के ज्योति बरे चारों कोती पंथी नर्तक दल कौंदकेरा ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर ज्ञान धारा पंथी पार्टी डुमरडीह दुर्ग को 4051 रुपए, तृतीय सत्य के प्रतीक युवा पंथी पार्टी को 3051 रूपये, चतुर्थ स्थान पर नव जागृति सतनाम पंथी पार्टी नर्तक दल संकरा को 2551 रूपये पुरस्कार स्वरूप प्रदान किया गया। बालिका वर्ग में प्रथम स्थान पर मां सफुरा माता बालिका पंथी पार्टी उमरपोटी दुर्ग को 3051 रूपये का पुरस्कार दिया गया। द्वितीय पुरस्कार ज्ञान के अंजोर पंथी पार्टी को 2051 रूपये, तृतीय मिनीमता बालिका पंथी पार्टी भनसुनी पाटन को 1051 रूपये इनाम दिया गया। इसके अलावा अनुशासन में अव्वल रुनझुन बालिका पंथी पार्टी नवागांव को 751 रूपये, बेस्ट गायन में अव्वल झंझकार पंथी नर्तक दल को 500 रूपये और संगीत में अव्वल रंग रंगीला नर्तक दल भठेली भखारा को 500 रुपए देकर पुरस्कृत किया गया।

जीजामगांव सोसाइटी में अटल सुशासन दिवस के साथ धान बोनस वितरण उत्सव मना

# किसानों की मेहनत को मिला सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव

प्राथमिक साख सहकारी समिति जीजामगांव में अटल सुशासन दिवस पर सत्र 2014 एवं 2015 का धान बोनस का वितरण कर उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संतराम साहू शिक्षक सभापति , प्रीतम साहू पूर्व समिति अध्यक्ष, अरूण साहू थे। अध्यक्षता वरिष्ठ नागरिक सालिक राम ध्रुव गणेशपुर ने की। विशेष अतिथि वलाल चेलक, इला राम साहू सरबदा, मेवा राम साहू मुल्ले, हरिशचद साहू थे। कृषि विभाग से ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी जितेंद्र सोनकर ने प्रधान मंत्री फसल बीमा प्रधान मंत्री सम्मान निधि एवं अन्य विभागीय योजनाओं की जानकारी दी।

मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार द्वारा दो साल का बोनस वितरण किसानों के लिए वरदान साबित होगा। आर्थिक उन्नति आयेगी।

किसान सबल होगा। सभापति संतराम ने कहा कि किसानों की मेहनत का यह सम्मान है। अध्यक्षता कर रहे अरुण साहू ने कहा कि किसान देश की शान है। इसका सम्मान होना गर्व की बात है। कार्यक्रम में समिति के प्रभारी प्रबंधक सेवकराम साहू, श्यामलाल साहू, यशवंत साहू, दिलीप चेलक, कुबेर चेलक, रामदेव साहू, द्रोण साहू, ओमप्रकाश कोसले उपस्थित थे। कार्यक्रम में ग्राम मुल्ले, सरबदा गणेशपुर एवं जीजामगांव के लगभग 200 किसानों ने उपस्थिति दी। 2014 में कुल 918 किसानों ने धान बेचा था जिसकी कुल बोनस राशि 12370560 रूपये एवं वर्ष 2015-16 में 926 किसानों ने धान बेचा है जिसकी कुल बोनस राशि 12744960 रूपये का वितरण किया गया। समारोह में कार्तिक रात्रे, पवन साहू, पूरनलाल, प्रीतम साहू, शिव कुमार, रवि कुमार, सुंदर, जगत, हीरालाल, श्रवण, मेवालाल, रमेश, मौजी राम, मुन्नी बाई, ठगिया बाई, टिकलू, रघुनाथ, फिरंता, रूमन समेत लगभग 200 किसान मौजूद थे। आभार प्रदर्शन समिति प्रभारी प्रबंधक सेवकराम साहू ने किया।

## मोहंदी ग्रामीण सोसाइटी में सुशासन दिवस मना



हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती को ग्रामीण सोसाइटी मोहंदी में सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कोमल यदु, भुवन साहू, गुहाराम सिन्हा ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटलबिहारी वाजपेई को याद किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने दो वर्ष का बोनस किसानों को दिया। इस अवसर पर खूबलाल साहू, अमृत सिन्हा, रामजी ध्रुव, विजय यदु, योगेश साहू, सोनाऊराम, खोमेश्वर यादव, भगवान ध्रुव, भगोली साहू, रोशन साहू, खेमू कंवर, डाकवथ, मनोहर सिन्हा, जगदेव ध्रुव, द्वारिका साहू, महेश सिन्हा, सोहन सिन्हा, पवन निषाद, समिति प्रबंधक जगदीश्वरनाथ साहू, लेखापाल गोपाल साहू, कंप्यूटर ऑपरेटर अशोक साहू, शेखन यादव, कमल यादव, डोमार ध्रुव, हुलास, हरिचंद कंवर सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## रंगोली प्रतियोगिता में धनेश्वरी प्रथम

- यशवंतराव मेघावाले शासकीय कालेज में युवा उत्सव पर हुए विभिन्न कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

यशवंतराव मेघा वाले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड में प्राचार्य डॉ. घनश्याम देवांगन के मार्गदर्शन में युवा उत्सव कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रतियोगिता रखी गई। आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं में सांस्कृतिक विधाओं एवं परंपरागत लोक संस्कृतियों के प्रति अभिरुचि उत्पन्न करना है। कार्यक्रम में रंगोली, मेहंदी, चित्रकला, निबंध, व्यंजन, कविता पाठ, वाद विवाद, भाषण, लोकगीत एवं लोकनृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में धनेश्वरी कुर्रे प्रथम एवं हिमांशी द्वितीय रही। मेहंदी प्रतियोगिता में नीलम साहू प्रथम एवं पुष्पा दीवान द्वितीय रही। चित्रकला में रेणुका ध्रुव प्रथम एवं ईश्वर चंद द्वितीय रहे।

निबंध लेखन में नम्रता साहू प्रथम एवं हामेश कुमार द्वितीय रहे। व्यंजन प्रतियोगिता में शोभना दरसेना प्रथम एवं स्वाति वैष्णव द्वितीय रही। कविता पाठ में कुंती साहू प्रथम एवं गणिता साहू द्वितीय रही। वाद विवाद में एवन कुमार पटेल प्रथम एवं गणिता साहू द्वितीय रही। भाषण में उमेश्वरी प्रथम, हामेश द्वितीय रहे। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में गणिता ग्रुप प्रथम एवं नूतन ग्रुप द्वितीय रहा। लोकगीत में कुंती साहू प्रथम एवं योगिता और गीतांजलि द्वितीय रही। लोकनृत्य में किरण और कामराज प्रथम एवं नम्रता समूह द्वितीय रहा।

## गुरु घासीदास ने किया सामाजिक कुरीतियों पर कुठाराघात : रंजना



- अधारी नवागांव वार्ड में आयोजित पंथी नृत्य कार्यक्रम में शामिल हुई पूर्व विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

नगर के अधारी नवागांव वार्ड में पंथी नृत्य का कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू शामिल हुई। श्रीमती रंजना साहू ने जैतखंभ की पूजा-अर्चना की। अपने उद्बोधन में पूर्व विधायक ने कहा कि गुरु घासीदास बाबा ने समाज में व्याप्त सामाजिक कुरीतियों पर कुठाराघात किया। मनखे मनखे एक समान का नारा देकर समाज में समानता लाया। उन्होंने भेदभाव को दूर कर सामाजिक समानता का उपदेश दिया। श्रीमती साहू ने आगे कहा कि पंथी नृत्य के माध्यम से गुरु की महिमा का बखान किया जाता है। गुरु घासीदास दास द्वारा दिया गया उपदेश इस नृत्य के माध्यम से लोगों तक पहुंचता है। इस अवसर पर शरद साहू, धनेश नवरंग, तीरथ नवरंग, केशव नवरंग, पंचराम नवरंग, सुशीला टंडन, कुसुम भारती, प्रियंका बंजारे, जग्गू बंजारे, हेमंत बंजारे, जितेंद्र भारती, भुनेश टंडन, मोहनिश बंजारे, नरहर बंजारे, रूपेश कुर्रे, गीतेश टंडन, राजू नवरंग, सोनू नवरंग, टेसू भारती, राजेंद्र बंजारे, प्रकाश सिन्हा, नरेश नेताम, ममता नवरंग सहित अनेक वार्डवासी उपस्थित थे।

## रासेयो स्वयंसेवकों ने सीखा तनाव मुक्त जीवन जीने की कला



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोर्रा(भखारा)

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पचपेड़ी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा प्राचार्य रविंद्र कुमार कोसरे एवं कार्यक्रम अधिकारी पारसमणि साहू के मार्गदर्शन में सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम भेलवाकूदा में आयोजित है।

स्वयंसेवकों ने प्रातः काल राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रेरक गीत के माध्यम से लोगों को जागृत करने का प्रयास किया। तत्पश्चात स्वयंसेवकों द्वारा स्कूल परिसर तथा बाजार चौक की सफाई की गई। दोपहर को स्वयंसेवकों के लिए विशेष बौद्धिक परिचर्चा का आयोजन किया गया जिसमें प्रमुख वक्ता प्रजापति ब्रह्माकुमारी संस्थान भखारा की राजयोगिनी बीके करुणा थीं। उन्होंने जीवन में आध्यात्मिक एवं नैतिक मूल्य के महत्व पर चर्चा करते हुए छात्रों को अपनी आत्मशक्ति कैसे बढ़ाएं, मन को तनाव मुक्त कैसे रखें तथा एकाग्रता को कैसे केंद्रित करें, इन बिंदुओं पर बात रखी।

परिचर्चा के दौरान राष्ट्रीय किसान दिवस पर देश की अर्थव्यवस्था में किसानों के योगदान के बारे में बताते हुए किसानों के प्रति संवेदनशील होकर उनके प्रति सम्मान की भावना रखने की बात कही। यह जानकारी संस्था के व्याख्याता मिथिलेश कुमार सिन्हा ने दी है।

## भावी कार्ययोजना को लेकर सेन समाज के प्रांतीय पदाधिकारियों की हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

छत्तीसगढ़ प्रान्त नाई सेन समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों द्वारा रायपुर सम्भाग की बैठक आहूत की गई जिसमें संगठन का विकेन्द्रीयकरण करने कार्ययोजना की जानकारी देते हुए वरिष्ठ समाजसेवी खिलावन श्रीवास को सर्व सम्मति से सम्भाग प्रभारी बनाया गया।

शनिवार को मायाराम सुरजन स्मृति हाल रजबंधा मैदान रायपुर में आहूत छतीसगढ़ प्रांत नाई सेन समाज की सम्भागीय बैठक में प्रांतीय सचिव भुवनलाल कौशिक ने समाज के विकास और संगठनात्मक ढांचे को और अधिक मजबूती हेतु संगठन का विकेन्द्रीयकरण करने के उद्देश्य को लेकर भावी कार्ययोजना की रूपरेखा की जानकारी दी। प्रांतीय अध्यक्ष पुनीतराम सेन ने कहा कि अब नाई सेन समाज को अपनी ताकत दिखाने की जरूत है।जिसके लिए हम सबको पार फिरकावाद से ऊपर उठकर एक बैनरतले आना होगा। समाज का एक बेटा रिकेश सेन भिलाई विधायक बना है। कल इससे अधिक लोग नेतृत्व करने सामने आएंगे। समाज के सचेतक गौरीशंकर श्रीवास ने कहा कि समाज के ऊर्जावान नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के सहयोग से अब समाज के लोग नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि अब समाज उठ खड़ा हुआ है। नई कार्ययोजना को मूर्तरूप देने महत्वपूर्ण जिम्मेदारी समाज के लोगों को दी गई है।

बैठक में प्रांतीय उपाध्यक्ष आसुतोष श्रीवास, धमतरी जिलाध्यक्ष धनसिंह सेन, संरक्षक खिलावन श्रीवास, मोहितराम सेन, सचिव भगवानी राम शांडिल्य, रायपुर जिलाध्यक्ष मनोज ठाकुर, राज श्रीवास, रुपेश ठाकुर, द्वारिका प्रसाद श्रीवास, दौलतराम सेन, आसकरण सेन, डॉ महेंद्र सेन, डॉ दिलीप सेन, डॉ लक्ष्मी, लोकेश भार्गव सहित धमतरी, रायपुर, महासमुंद, गरियाबंद, राजिम, अभनपुर, भाठापारा, बलौदाबाजार से बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

### खिलावन श्रीवास बने रायपुर संभाग प्रभारी

सर्व सम्मति से धमतरी जिला सर्व सेन समाज के संरक्षक खिलावन श्रीवास को रायपुर सम्भाग का प्रभारी तथा गरियाबंद जिला के सचिव टीकम सेन को प्रांतीय उपाध्यक्ष तथा रामगोपाल सेन रुद्री, जीतू सेन सुशील श्रीवास चंद्रहास सेन को प्रांतीय प्रतिनिधि नियुक्त किया गया। आगामी दिनों में अन्य प्रकोष्ठों का गठन करने का निर्णय लिया गया।

## भैंसबोड़ के ग्रामीणों ने मनाया सुशासन दिवस

- अटल जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उनके योगदान को किया याद



हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

ग्राम भैंसबोड़ के अटल चौक पर पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारतरत्न स्व. पंडित अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मदिवस सोमवार को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। गांव के सरपंच सहित ग्रामीणों ने अटल जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गया।

अटल जी का जन्म 25 दिसम्बर 1924 को ग्वालियर मध्यप्रदेश में हुआ। उनकी प्रारंभिक शिक्षा सरस्वती शिक्षा मंदिर गोरखी बाडा विद्यालय में हुई थी। यहां से उन्होंने आठवीं कक्षा तक की शिक्षा प्राप्त की। जब वह पांचवीं में थे तब उन्होंने प्रथम बार भाषण दिया था। कालेज जीवन में ही उन्होंने राजनीतिक गतिविधियों में भाग लेना आरंभ कर दिया था। आरंभ में वे छात्र संगठन से जुड़े। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख कार्यकर्ता नारायणराव ने उन्हें बहुत प्रभावित किया। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शाखा प्रभारी के रूप में कार्य किया। उनका राजनीतिक जीवन 1942 में शुरू हुआ। भारतीय जनसंघ पार्टी का गठन हुआ था तो उसमें श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसे नेताओं के साथ अटल बिहारी वाजपेयी की अहम भूमिका रही। इस अवसर पर मिनेश्वरी दिलीप साहू सरपंच, रामकुमार बंजारे सचिव, दिलीप साहू पंच, लक्ष्मण साहू पंच, मनोहर साहू पंच, नरोत्तम साहू पंच, जगजीवन तारक, शिवकुमार साहू, गणेशराम, नागेश साहू, गोपी राम साहू, संतोष, देवानंद साहू, महेंद्र साहू, कृष्णकुमार, नन्दकुमार, शंकरलाल, हरिश साहू, विष्णु राम, पवन, डॉ. बसंत साहू, उमाशंकर, फूलसिंग ढीमर एवं अनेक ग्रामवासी उपस्थित थे।

## किसान हमारे अन्नदाता, मौसम की परवाह किये बिना दिन रात खेतों में काम करते हैं : शक्ति



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

आजादी के अमृत महोत्सव अंतर्गत कृषि विज्ञान केन्द्र धमतरी ने किसान दिवस मनाया। कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रभारी वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. शक्ति वर्मा ने कहा कि भारत में किसान को अन्नदाता और धरती पुत्र कहा गया है जो मौसम की परवाह किये बिना तपती धूप, बारिश और कड़कड़ाती ठंड में भी दिन रात खेतों में काम करते हैं। किसानों को सम्मान देने के लिए हर वर्ष किसान दिवस मनाया जाता है।

इसके बाद कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें अमित सिन्हा वैज्ञानिक ने घरेलू स्तर पर फल एवं सब्जी प्रसंस्करण, लघु उद्योग की स्थापना, कृषि उत्पादकों का मूल्य संवर्धन जैसे विषयों पर जानकारी दी। वैज्ञानिक मनीषा खापर्डे ने बताया कि किसान दिवस, किसानों के सम्मान का दिवस है। वैज्ञानिक प्रेमलाल साहू ने प्राकृतिक खेती के विषय परजानकारी दी। वैज्ञानिक डॉ. दीपिका चन्द्रवंशी ने कहा कि कृषक उद्यानिकी के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रहे हैं। उद्यानिकी फसलों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस कार्यक्रम में जिले के कृषक उपस्थित हुए।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### आज दर्री में रंग झरोखा

**धमतरी।** ग्रामवासियों के सहयोग से आज ग्राम दर्री में मड़ई का आयोजन किया गया है। रात्रि में दुष्यंत हरमुख कृत रंग झरोखा छत्तीसगढ़ी आर्केस्ट्रा का कार्यक्रम होगा। यह जानकारी ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष रामदयाल साहू एवं संजय कुम्भकार ने दी है।

### परसुली में 28 को गोंड़वाना समाज की बैठक

**धमतरी।** ग्राम परसुली में आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज की कार्यकारिणी बैठक 28 दिसम्बर गुरुवार को 11 बजे रखी गई है जिसमें वार्षिक आमसभा हेतु विचार किया जायेगा। यह जानकारी सचिव प्रेमू चन्द्रवंशी ने दी है।

### सेमरा में रक्तदान शिविर 31 दिसम्बर को

**धमतरी।** इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी धमतरी द्वारा 31 दिसम्बर को सुबह 10 बजे से नगरी के ग्राम पंचायत सेमरा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। जिला संगठक इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी ने बताया कि इस शिविर में दान किये गये रक्त के माध्यम से अनेक लोगों की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से रक्तदान करने की अपील की।

### आमदी में 9 कुंडीय गायत्री महायज्ञ प्रारंभ

**आमदी।** गायत्री परिवार एवं नगरवासियों के सहयोग से 25 से 27 दिसंबर तक 9 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन स्कूल चौक राधाकृष्ण मंदिर प्रांगण आमदी में किया गया है। । 26 दिसंबर मंगलवार को प्रातः यज्ञ हवन एवं संगीतमय प्रज्ञा पुराण कथा , प्रज्ञा पुराण कथा एवं सहस्त्र बेदी दीपयज्ञ होगा। 27 दिसंबर बुधवार को सुबह 8 बजे से 12 बजे तक यज्ञ, हवन, विवाह संस्कार, मुंडन संस्कार, दीक्षा संस्कार, पूर्णाहुति एवं प्रज्ञा पुत्रों की विदाई के साथ कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का समापन होगा।

### नवागांव में मड़ई 31 को

**डांडेसरा(धमतरी)।** ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम नवागांव (कण्डेल) में गुरू घासीदास जयंती पर 31 दिसम्बर रविवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए झन भूलौ मां बाप ला छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी ग्राम मोखा (पचपेड़ी) का कार्यक्रम रखा गया है। इसकी तैयारी में परमानंद, अशोक सोनवानी, प्रहलाद मार्कण्डेय, हेमंत डहरिया, लीला कुर्रे, रामेश्वर सिन्हा, लक्ष्मीनारायण साहू, अशोक साहू, माखन साहू, लक्ष्मण यादव, देवानंद, धनराज आदि जुटे हुए हैं।

## निधन

### धनवारिन बाई शर्मा



**मगरलोड।** ग्राम अरौद निवासी धनवारिन बाई शर्मा का आकस्मिक निधन 25 दिसंबर सोमवार को हो गया। वे अश्वनी शर्मा, शंकर शर्मा की मां थी। उनके अंतिम संस्कार में ग्रामीणजन शामिल हुए।

विधायक, महापौर सहित जनप्रतिनिधियों ने मसीही समाज को दी शुभकामनाएं, सप्ताह भर हुए विविध कार्यक्रम

# प्रभु यीशु मसीह का जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मना

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी









प्रभु यीशु मसीह का जन्मोत्सव मसीही समाज ने धूमधाम से मनाया। ख्रीष्ट जयंती के पूर्व पूरे सप्ताह भर समाज के लोगों ने विविध कार्यक्रम आयोजित किए। सोमवार को क्रिसमस पर्व पर मनोनाइट चर्च में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए। विशेष आराधना सभा के लिए बाहर एलईडी स्क्रीन लगाकर बैठने की व्यवस्था रखी गई थी। सभा में विधायक, महापौर सहित गणमान्य लोग शामिल हुए तथा मसीही समाज के लोगों को क्रिसमस पर्व की शुभकामनाएं दीं।

सुंदरगंज मेनोनाइट चर्च धमतरी में ख्रीष्ट जयंती आनंद, खुशी और उत्साह के साथ मनाया गया। 17 दिसम्बर से विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दिन डिस्ट्रिक क्रिश्चयन फोरम धमतरी की अगुवाई में क्रिश्चयन रैली निकाली गई, जिसमें अंचल के सैकड़ों समाजजनों ने यीशु मसीह के जयकारों के साथ नगर का भ्रमण किया। प्रेम और शांति का संदेश देते रहे। 18 दिसम्बर को चर्च के सभी सदस्यों के लिए चर्च पंचायत की अगुवाई में खेलकूद का आयोजन हुआ। 19 दिसम्बर को स्थानीय महिला सभा ने कार्यक्रम रखा, जिसमें बहनों ने आपस में एक-दूसरे को उपहार भेंटकर अपने प्रेम को प्रकट किया। पूरे सप्ताह भर बहनों और संडे स्कूल के बच्चे चर्च के सदस्यों के परिवार में जाकर कैरोल सिंगिंग के माध्यम से प्रभु यीशु मसीह को संदेश सुनाते रहे। 24 दिसम्बर को चर्च में रविवारीय आराधना में सेविका शैलजा सोनवानी ने आनंद के सुसमाचार का प्रचार किया।

सोमवार को 25 दिसम्बर पर ख्रीष्ट जयंती की विशेष आराधना 9:30 बजे प्रारंभ हुई। आराधना का संचालन सेवक एससी ख्रिष्टी ने किया। भजन संहिता का पठन सेविका येलमा महतो ने किया। उत्तरवादी पाठ विश्ववाचन प्रभु की प्रार्थना में अगुवाई सेवक अनिल राघवा ने की। विशेष प्रार्थना में अगुवाई सेवक किरण जानसन तथा आराधना पाठन रेव्ह दीपक मसीह ने किया। भेंट अर्पण प्रार्थना सेविका अर्चना नेताम ने किया।

विशेष आराधना संदेश चर्च के पासवान रेव्ह अक्षय जोसफ द्वारा की गई। महिला सभा, संडे स्कूल, जवान सभा और क्वायर द्वारा प्रभु की महिमा में विशेष गीत गाया गया। आराधना का समापन विदाई का आशीष और जयघोष के नारों के साथ हुआ। देश, देशवासियों एवं देश के अगुवाओं के लिए विशेष प्रार्थना की गई। इस अवसर पर विधायक ओंकार साहू, महापौर विजय देवांगन, पूर्व विधायक द्वय हर्षद मेहता, श्रीमती रंजना साहू आदि ने अपने उद्बोधन में मसीही समाज को ख्रीष्टी जयंती की बधाई देते हुए कहा कि यह समाज हर तबके के लोगों की सेवा में सदैव तत्पर रहता है। इनकी सेवा हमेशा स्मरणीय है। इस मौके पर मसीही समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## जनकल्याणकारी योजनाएं ही भाजपा की जीत का आधार : ऋषभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्राम सोरम में भारत रत्न, छत्तीसगढ़ निर्माता स्व. अटल बिहारी वाजपेई की जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा किसानों का बकाया बोनस कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी तारतम्य में ग्राम सोरम की सोयायटी में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंडल अध्यक्ष ऋषभ देवांगन ने उपस्थिति दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल महामंत्री नरेश यादव, मायाराम यादव ने की। विशिष्ट अतिथि सरपंच नंदनी उमेश साहू, उमेश महाजन, आकाश देवांगन, दुजाराम साहू उपस्थित थे। मुख्य अतिथि श्री देवांगन ने अपने उद्बोधन में कहा कि केंद्र एवं राज्य की भाजपा सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से गरीब कल्याण और विकास का कार्य कर रही है। हमें इन योजनाओं को इनके लाभों से वंचित लोगों तक ले जाना है। जनकल्याणकारी योजनाएं ही भाजपा की जीत का आधार है। भाजपा जो कहती है, वह करती है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में किसान एवं समिति के सदस्य उपस्थित थे।

# घासीदास ने दिया सत्य के मार्ग पर चलने का संदेश : ओंकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



ग्राम देमार में गुरु घासीदास बाबा की जयंती धूमधाम से मनाई गई। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक ओंकार साहू शामिल हुए। समाजजनों को संबोधित करते हुए श्री साहू ने कहा कि गुरु घासीदास ने सबको सत्य के मार्ग पर चलने का संदेश दिया है। उन्होंने मनखे मनखे एक समान का नारा देकर समाज में फैली कुरीतियों को दूर किया। हम सभी को उनके बताए हुए मार्ग पर चलना चाहिए। उन्होंने स्वर्गीय मिनीमाता को भी याद करते हुए कहा कि उनका ही आशीर्वाद है कि आज महिलाएं राजनीति में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रही हैं तथा विभिन्न पदों पर आसीन हैं।

इस अवसर पर जनपद सदस्य चन्द्रकला बंजारे, सेक्टर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रघुवीर रामटेके, ठाकुर राम बंजारे, जगदीश रात्रे, मनीष बंजारे, अम्बर चन्द्राकर, आशुतोष खरे, संजू साहू, सूरज पासवान, मोहनलाल बंजारे, दीनदयाल कोसरे, गुहरीराम बंजारे, मणिकांता जोशी, चन्द्रहास बंजारे, ओमप्रकाश चेलक, सुनील बंजारे, विरेंद्र बंजारे, महंगूराम साहू, रामेश्वर कुर्रे, मोहनलाल जांगड़े, कमला देवी बंजारे, चित्ररेखा रात्रे, गजानंद कोसरे, लक्ष्मी देवी बंजारे सहित बड़ी संख्या में सामाजिक पदाधिकारी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## एचएसआर मोटर, राजपुताना रॉयल्स ग्लोशाइन फिटनेस व शिवजी ने जीत दर्ज की



ब्वायज स्कूल ग्राउंड में हो रहे क्रिकेट के रोमांचक मुकाबले

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ब्वायज स्कूल ग्राउंड में आयोजित धमतरी विधानसभा स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के तीसरे दिन भी जबरदस्त खेल का प्रदर्शन जारी रहा जहा 8 टीमों के मध्य रोमांचक मुकाबले में एचएसआर, राजपुताना रॉयल्स, ग्लोशाइन फिटनेस एवं शिवजी इलेवन की टीम विजेता रही। तीसरे दिन के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर शशि पवार, कविंद्र जैन, बीथिका विश्वास, लता सोनी एवं रितिका यादव थे।

महाराणा प्रताप कप सीजन 2 के प्रायोजक दीपक ठाकुर ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य खिलाड़ियों की प्रतिभाओं को एक अच्छा प्लेटफार्म देना व दर्शकों को अपने शहर में ही अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की तर्ज पर घरेलू क्रिकेट का मनोरंजन कराना है। श्रीराम हिन्दू संगठन के संयोजक प्रवीण साहू ने कहा कि धमतरी विधानसभा अंतर्गत 168 सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के प्रदर्शन का लुत्फ क्रिकेट ग्राउंड के अलावा ऑनलाइन एप के माध्यम से भी घर बैठे उठा सकते हैं।

# करेली बड़ी सेक्टर के 29 आंगनबाड़ी केंद्र भगवान भरोसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड



महिला एवं बाल विकास विभाग में विगत दो वर्षों से बिना काम किए महिला पर्यवेक्षक द्वारा प्रतिमाह पगार लेने का मामला प्रकाश में आया है।

महिला पर्यवेक्षक मोनिका साहू विगत 12 वर्ष से अधिक समय से परियोजना कार्यालय मगरलोड अंतर्गत करेली बड़ी सेक्टर सुपरवाइजर पद पर पदस्थ हैं। महिला पर्यवेक्षक मुख्यालय में नहीं रहकर अपने गृह ग्राम कुरूद विकासखंड से आना-जाना करती है। विगत दो वर्ष से पदस्थ स्थल करेली बड़ी सेक्टर में काम पर नहीं कर रही है जिससे 29 आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण कार्य भगवान भरोसे चल रहा है। कार्यकर्ताओं ने शिकायत में बताया कि पर्यवेक्षक द्वारा कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं से गाली गलौज की जाती है। शिकायत पर उन्हें कुरूद ब्लाक में अटैच किया गया है।

कार्यकर्ताओं ने आगे बताया कि सुपोषण चौपाल जैसी महत्वपूर्ण योजना अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दी जाने वाली यात्रा भत्ता राशि का गबन किया गया है। किंतु उनके पूरे महीने की पगार मगरलोड परियोजना कार्यालय से भुगतान की जा रही है। अन्य सेक्टर की महिला पर्यवेक्षक को प्रभार दिए दो वर्ष हो गया है ।29 आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण करने में ही प्रभारी पर्यवेक्षक का पूरा समय समाप्त हो जाता है। एक महिला पर्यवेक्षक को दो सेक्टर मतलब 58 आंगनबाड़ी केन्द्रों का दौरा करना संभव नहीं है। अधिक भार होने की वजह से मानसिक पीड़ा महसूस की जा रही है। शासन द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों में चलाई जा रही समस्त योजना भगवान भरोसे पर चल रही है। वरिष्ठ अधिकारियों से संरक्षण प्राप्त महिला पर्यवेक्षक मनमर्जी से नौकरी कर रही है।

इस संबंध में परियोजना अधिकारी मगरलोड छाया वर्मा ने कहा कि करेली बड़ी सेक्टर अंतर्गत 29 आंगनबाड़ी केन्द्रों में पदस्थ पर्यवेक्षक कुरूद ब्लाक में अटैच है। सुपरवाइजर नहीं होने से संचालन में परेशानी हो रही है। अन्य महिला पर्यवेक्षक को प्रभार दिया गया है। इसकी जानकारी उच्च अधिकारी को दी जा चुकी है।

इस संबंध में मोनिका साहू से संपर्क नहीं होने के कारण उनका पक्ष नहीं लिया जा सका है।

# निगम कार्यालय में मना सुशासन दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म दिवस निगम कार्यालय में सुशासन दिवस मनाया गया। नेता प्रतिपक्ष नरेंद्र रोहरा ने दोपहर 12 बजे अधिकारियों और कर्मचारियों को सुशासन दिवस की शपथ दिलाई। इससे पूर्व उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीपक प्रज्ज्वलन किया। इस अवसर पर श्री रोहरा ने कहा कि देश का चौमुखी विकास अटल जी की ही देन है।

पार्षद राजेंद्र शर्मा ने विचार संगोष्ठी के माध्यम से अटल बिहारी वाजपेई के व्यक्तित्व को बताया। सुशासन दिवस पर निगम कार्यालय में प्रतिभागियों ने विविध प्रकार की रंगोली बनाई। अटल जी के संबंध में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर आयुक्त विनय कुमार, पार्षद सुशीला तिवारी, श्यामा साहू, प्राची सोनी, अज्जू देशलहरे, प्रकाश सिन्हा, मिथिलेश सिन्हा, उपायुक्त पीसी सार्वा, लेखाधिकारी नोरज देवांगन, सहायक अभियंता महेंद्र जगत, उप अभियंता कामता नागेंद्र, कमलेश ठाकुर, लोमेश देवांगन, नमिता नागवंशी सहित निगम के अधिकारी- कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## इर्रा में मड़ई मेला 31 को

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम इर्रा में ग्राम विकास समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से नए वर्ष के आगमन पर 31 दिसंबर को मड़ई मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर ग्राम के बुजुर्गों का सम्मान किया जाएगा। लोगों के मनोरंजन के लिए रात्रि में भुंईया के सिंगार ग्राम होचेटोला का नाचा कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम को गति प्रदान करने के लिए ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष नंदकुमार साहू, महेश्वर साहू, सचिव शैलेंद्र साहू, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र साहू, उपाध्यक्ष कमलेश नेताम, सरपंच कल्याण सिंह साहू, उपसरपंच डॉ अजय, पंच डॉ घनश्याम साहू, साहू समाज अध्यक्ष राम्हू साहू जुटे हुए हैं।




### रामपुर में लोककला महोत्सव 6 से

**कोर्रा(भखारा)।** भारती जस झांकी मंडली एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम रामपुर में 6 एवं 7 जनवरी को लोक कला महोत्सव रखा गया है। इसमें जय छत्तीसगढ़ फाग मंडली बगदेही, आदर्श भाग मंडली पड़कीभाठ, जय मां दंतेश्वरी रामधुनी मंडली आमदी, पूजा के फूल रामधुनी मंडली भटगांव, जय सादोहर रावत बाबा नरसिंह नाथ जस झांकी परिवार अंडा, जय मां शीतला पुराण जस झांकी परिवार बेरला, भारत दर्शन जस झांकी परिवार बेमेतरा, जय मां संतोषी जस झांकी परिवार बालोद, ज्योति विद्या जस झांकी परिवार गरियाबंद, झन भूलो मां बाप ला छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी मोखा पचपेड़ी, कोरबा कुबरा छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी बालोद की प्रस्तुति होगी। मंडलियों के लिए विशेष पुरस्कार रखा गया है। यह जानकारी भारती जस झांकी मंडली रामपुर के अध्यक्ष टोडर राम साहू ने दी है।

# हरदिहा साहू समाज युवा संघ के किशोर अध्यक्ष बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



हरदिहा साहू समाज युवा संघ जिला धमतरी का चुनाव साहू समाज भवन रत्नाबांधा रोड में हुआ। अध्यक्ष किशोर कुमार साहू, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश कांकेरिहा, सचिव हेमंत कुमार साहू, कोषाध्यक्ष यूनिक साहू, संचालक शीतलेश साहू बने। निर्वाचन अधिकारी रामाधार साहू, ओमप्रकाश साहू, चुनूराम साहू, भगव साहू, रमेश साहू, रेखराम साहू, खोरबाहरा राम साहू, मनोज साहू थे। मौके पर लक्ष्मीनारायण साहू, खिलेश्वर साहू, ओमप्रकाश साहू, कुंजूलाल साहू, मीडिया प्रभारी खगेश्वर साहू, ध्रुव कुमार साहू, चिंताराम साहू, खोरबाहरा राम साहू, भुवन साहू, मानिक साहू, खुमान साहू, महिला अध्यक्ष त्रिवेणी साहू, विनीता साहू, धनेश्वरी साहू, चितरेखा साहू उपस्थित थे। यह जानकारी हरदिहा साहू समाज के मीडिया प्रभारी दिव्यांशु साहू ने दी।

## मोदी की गारंटी पूरी करने हमारी सरकार प्रतिबद्ध : रंजना



**धमतरी।** पूर्व विधायक रंजना साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार बनते ही अपनी जन घोषणा पत्र के अनुरूप छत्तीसगढ़ विधानसभा सत्र के पहले अनुपूरक बजट में तीन प्रमुख घोषणाओं को शामिल करते हुए भाजपा सरकार ने यह सिद्ध कर दिया है कि हमने बनाया है, हम ही संवारेंगे। मोदी की गारंटी पूरी करने हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। तीनों प्रमुख घोषणाएं अनुपूरक बजट में पारित हुई। भाजपा सरकार ने अपने पहले अनुपूरक बजट में घोषणा पत्र में शामिल प्रदेश वासियों के लिए 18 लाख प्रधानमंत्री आवास, महतारी वंदन योजना एवं 2 वर्ष की बकाया बोनस दिए जाने के लिए बजट में प्रावधान रखा। श्रीमती साहू ने आगे कहा कि जनता से किया हुए वादे को पूरा करना भाजपा सरकार की प्राथमिकता है। छत्तीसगढ़ प्रदेश में 5 वर्षों के वनवास के बाद पुनः भाजपा की सरकार बनी है। प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय ने अपनी कैबिनेट बैठक में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए और पहले ही अनुपूरक बजट में प्रदेश की जनता के विश्वास पर खरा उतरते हुए घोषणाओं को पूरा करने का फैसला लिया जो कि सराहनीय पहल है।





